
# द्वारका शारदा पीठधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती करेंगे प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का लोकार्पण



शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद द्वारका-शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का तीन दिवसीय दिव्य प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर लोकार्पण समारोह में आगमन होने जा रहा है। देवभूमि डेवलपर्स परिवार के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री नंदन हिल्स चौखड़ाढाना, हिंदूस्तान यूनिलीवर के आगे नरसिंहपुर रोड में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए देव भूमि डेवलपर्स उज्जवल सूर्यवंशी, बकुल मिगलानी, दीपक देवांगन ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज का आगमन 17 अप्रैल को शाम 4 बजे होगा जिनके स्वागत के लिए चौरई से लेकर



आयोजन स्थल तक अलग-अलग स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे हैं जहां पर भक्तों द्वारा शंकराचार्य का स्वागत किया जाएगा।

रितेश चौरसिया और लक्की चौहान ने बताया कि 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का लोकार्पण समारोह में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज मुख्य रूप से शामिल होंगे। वह 18 और 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे भक्तों को दीक्षा देंगे इसके अलावा रोजाना परिसर में शाम 5 बजे से महाराज जी द्वारा प्रवचन और सत्संग भी किया जाएगा। आयोजन स्थल पर 5 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है जबकि पार्किंग की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की जा चुकी है।

आयोजन समिति के अनिल तिवारी ने बताया कि 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शोभायात्रा एवं पूज्यपाद जगदगुरु शंकराचार्य महाराज श्री का स्वागत, प्रायश्चित, दशविधस्नान और मंडल स्थापना होगी। 18 अप्रैल को सुबह 8 बजे प्राणप्रतिष्ठित होने वाले देव प्रतिमाओं का नित्य मंडल पूजन, जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, घृताधिवास, अन्नाधिवास, स्नपन और शय्याधिवास होगा। जिसके बाद 19 अप्रैल को नित्यपूजन, मूर्तिन्यास, कलशारोहण, प्रसाद प्रतिष्ठा, मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक और पूर्णाहुति का कार्यक्रम जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज के शुभाशीर्वाद द्वारा किया जाएगा।

**इस रूट से आएंगे**-देव भूमि डेवलपर्स परिवार के सदस्यों ने बताया कि शंकराचार्य जी सदानंद सरस्वती महाराज जी का आगमन 17 अप्रैल को शाम 4 बजे चौरई से छिंदवाड़ा में होगा। इस दौरान चौरई क्षेत्र में जगह-जगह महाराज जी का भव्य स्वागत होगा जिसके बाद वे बायपास होते हुए इमलीखेड़ा मार्ग से चंदनगांव, ई.एल.सी., कांग्रेस भवन के सामने होते हुए फव्वारा चौक, बस स्टैंड, बैल बाजार, तिलक मार्केट, श्याम टॉकीज होते हुए नरसिंहपुर रोड स्थित श्री नंदन हिल्स पहुंचेंगे। जगह-जगह शंकराचार्य महाराज का स्वागत भक्तों द्वारा किया जाएगा। देव भूमि डेवलपर्स परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने अपील की है।

देव भूमि डेवलपर्स परिवार द्वारा 19 अप्रैल शनिवार को श्री नंदन हिल्स में विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है जिसमें उज्जैन के प्रख्यात भजन गायक महाकाल की गुलामी फेम किशन भगत अपनी प्रस्तुति देंगे।

छाया- शेख अल्फाज

## गांव चलें बस्ती चलें अभियान के तहत पूर्व मंत्री चौ.चंद्रभान सिंह पहुंचे अतरवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा पार्टी स्थापना दिवस के अंतर्गत चलायें जा रहें कार्यक्रम में नेताओं को गांव चलों, बस्ती चलो अभियान के तहत पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह अतरवाड़ा पहुंचे जहां पर उन्होंने ग्रामीण जनों के साथ चौपाल लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा ग्राम में आ रही जन समस्याओं पर चर्चा की गांव में स्वास्थ्य नल जल चिकित्सा और सरकार के द्वारा लाभान्वित हुए परिवारों से मुलाकात कर बातचीत की। इस तरह पूर्व मंत्री चौ. चंद्रभान सिंह लम्बे समय बाद गांव बस्तियों में भ्रमण कर जनता के बीच पहुंच रहे है।

### सार समाचार

## 11 वर्षीय दीपिका ने लगाई फांसी, मोबाइल फोन छुड़ा लेने से हो गई व्यथित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एक 11 वर्षीय बच्ची ने महज इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसकी मां ने उससे मोबाइल छीन लिया था। दीपिका धुर्वे जो आठवीं कक्षा की छात्रा थी, घर पर मोबाइल चला रही थी, जब मां ने उसे डांटा और मोबाइल छीन लिया तो दीपिका ने गुस्से में आकर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसके पिता दीपक धुर्वे मजदूरी पर गए हुए थे और मां, बड़ी बहन बाहर बैठी थीं। कुंडीपुरा टी.आई. मनोज बघेल ने बताया कि मोबाइल छीनने से नाराज दीपिका धुर्वे 11 वर्ष ने फांसी लगा ली। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

कुछ देर बाद जब मां घर के अंदर गई तो दीपिका को फंदे पर लटका पाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

परिवार मूल रूप से अमरवाड़ा का निवासी है और पिछले कुछ समय से मजदूरी के लिए सिवनी प्राणमोती में रह रहा था। यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि मोबाइल की लत से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य किस कदर प्रभावित हो रहा है।

## छिंदवाड़ा विधानसभा के सक्रिय कार्यकताओं का सम्मेलन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आज 14 अप्रैल सोमवार को स्थानीय पूजा लॉन परासिया रोड में दोपहर 4 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं छिंदवाड़ा प्रभारी संतोष पारिख की उपस्थिति में संपन्न होगा।

छिंदवाड़ा विधानसभा के समस्त मंडल अध्यक्षगण अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, ओम पटेल, नवीन बारस्कर, लीला बजौलिया एवं रमाकांत पटेल ने बताया कि सम्मेलन में छिंदवाड़ा विधानसभा में निवासरत समस्त सक्रिय कार्यकर्ता एवं विधानसभा के समस्त छः मंडलों में निवासरत जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेतागण आमंत्रित किए गये है। उन्होंने समस्त अपेक्षित कार्यकर्ताओं से छिंदवाड़ा विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

भाजपा मंडल महामंत्री ओम चौरसिया ने बताया कि छिंदवाड़ा विधानसभा के समस्त मंडलों में आज 14 अप्रैल सोमवार को भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जंयती कार्यक्रम मनाया जायेगा, जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, समस्त जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेतागण समस्त छः मंडलों के अध्यक्षों की उपस्थिति में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा एवं चित्रों पर माल्यार्पण के साथ ही मिष्ठान वितरण एवं पुष्प अर्पित कर डॉ. अंबेडकर को श्रध्दाजंलि अर्पित की जायेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्र की सेवा बस्तियों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा कार्य किया जायेगा।

## पेंशनर्स समाज परासिया की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को अनूप राय की अध्यक्षता में पेंशनर्स समाज परासिया की मासिक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में फार्म 15 एच भरकर बैंक में जमा करने पर चर्चा की गई एवं इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। आई टी आर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आई.टी.आर. माह जुलाई तक भरा जा सकता है। इसके बाद आई.टी.आर. भरने के लिए अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

गर्मी में जल बचाओ अभियान चलाने का एवं अपने अपने घरों में पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था करने संकल्प लिया गया। उपस्थित पेंशनरों की समस्याओं को हल किया गया।

संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से डी.के. मिश्रा, डी.एन. दुबे, यू.आर. अहिरवार, डी.पी. खंडेलवाल, जेठूलाल सोनी, सी.एस. शर्मा, तुलसीराम सूर्यवंशी, विश्राम राय, रामकृष्ण रसेला, घन्सराम कुमरे, दिनेश तन्तुवाय, इकबाल खान, पी.एल. मर्सकोले श्रीमती ग्यानवती श्रीवास्तव, श्रीमती लता जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पेंशनरों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं है जिसके कारण पेंशनर अब अपनी समस्याओं को बार बार उठाकर सरकार को जगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है और ज्ञापन आंदोलन देने का निर्णय लिया है।

## कलेक्टर ने किया ब्लू बेरी फसल का निरीक्षण, ली बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा अमरवाड़ा ब्लॉक में हो रही ब्लु बेरी की फसल का अवलोकन किया गया। अमरवाडा ब्लॉक में डी.जे. एग्रोविजन प्राइवेट लिमिटेड के चिमऊआ फार्म का भ्रमण किया। जिले के अमरवाडा ब्लॉक मे लगभग 135 एकड़ मे ब्लु बेरी की सफल खेती की जा रही है। जिले में आगामी दिनों इस फसल का रकवा बढ़ने की और भी उम्मीद है।

इस अवसर पर डी.जे. एग्रोविजन प्राइवेट लिमिटेड के मालिक जीतेन्द्र लोहानी, एवं कंसलटेंट मर्चेंलो आदि उपस्थित थे। उक्त भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार, एस.डी.एम. अमरवाडा, एस.डी.एम. चौरई, उपसंचालक उद्यान श्री उइके सहित वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सुबोध ठाकरे आदि उपस्थित रहे।

## कमलनाथ-नकुलनाथ की सार्थक पहल से लाभांवित हो रहे हैं जिले के विद्यार्थी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्राथमिक शिक्षा व उच्च शिक्षा के उपरांत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण वर्तमान परिदृश्य में नितांत आवश्यक हो चुका है। तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत रोजगार के द्वार खुल जाते हैं और यही प्रशिक्षण अगर किसी बहुराष्ट्रीय (मल्टीनेशनल कम्पनी) से प्राप्त हो तो युवाओं का भविष्य संवर जाता है। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को निरंतर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है।

कमलनाथ एवं नकुलनाथ के अथक प्रयत्नों से युवाओं को तकनीकि प्रशिक्षण संस्थानों से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि नींव मजबूत हो और इसके लिए नेताद्वय जिले के युवाओं को राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से रोजगार से जोड़ने वाले विभिन्न प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जा रहे है जो कि म.प्र. के किसी अन्य जिले में ऐसे प्रशिक्षण की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इनफोसिस



फॉउंडेशन के द्वारा स्पांसर एवं उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरू द्वारा सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

छात्र-छात्राओं ने प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत कमलनाथ एवं नकुलनाथ को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि सपने में भी उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि छिन्दवाड़ा जिले में अपने घर में रहकर ही बहुराष्ट्रीय कम्पनी इनफोसिस फाउंडेशन द्वारा स्पांसर व उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरू द्वारा सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन में आयोजित यूएनएक्टसटी प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा, किन्तु नेताद्वय के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। इसके लिए उन्होंने पुनः नेताद्वय का हृदय से धन्यवाद किया। आयोजित कार्यक्रम में सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन के डायरेक्टर मनोज सोनी, प्रशिक्षक काजल माहोरे व आदित्य सेठिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गांव, बस्ती चलो अभियान : केवलारी पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव





### बूथ कमेटी की ली बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव गांव-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को सारना मंडल के गांव केवलारी पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने 6 अप्रैल 2025 को अपना 46 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में छः सूत्रीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन छः सूत्रीय कार्यक्रमों में से गांव-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रमुख भाजपा नेताओं को गांव आवंटित किए गए हैं, जहां जाकर उन्हें सेवा कार्य करते हुए स्थानीय निवासियों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनके साथ योजनाओं की जानकारी साझा करना है।

शुभंकर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने केवलारी पहुंचकर बूथ कमेटी की बैठक ली, बंजारी मंदिर, ग्राम के स्कूल और गलियों में स्वछता अभियान चलाया एवं प्रधानमंत्री आवास और भूमिहीन योजना के लाभार्थियों से मुलाकात कर योजना की जानकारी साझा की। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा लेकर गांव की गलियों में यात्रा निकालकर सेवा पखवाड़ा मनाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर गांव को समृद्ध बनाने का संकल्प किया है और हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार इस संकल्प को बहुत तेज गति से पूरा करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हमेशा कहते हैं कि इस देश में केवल चार जातियां हैं गरीब, किसान, नारी और युवा और हम इनके विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं।

श्री यादव ने कहा कि आज केवलारी पहुंचकर मैने देखा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बूथ कमेटी वोट लेने के लिए नहीं हैं, बल्कि ये भाजपा के सेवा कार्य की बूथ स्तरीय व्यवस्था है। भाजपा इन्हीं बूथ कमेटी के माध्यम से सीधे जनता की सेवा करती है, इसीलिए हमेशा कहा जाता है कि ष्भाजपा है तो भरोसा है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ ग्राम सरपंच इंद्रभान साह, चंद्रभान उइके, भारत साहू, रूपसिंह पटेल, जिला आई.टी. सयोंजक दीपक कोल्हे, भरत घई, राहुल ऊईके, प्रमोद शर्मा, विजेंद्र चौहान, माइकल पहाड़े, कृपाशंकर सूर्यवंशी, अनीश पटेल, निमेश पटेल, नरेश ठाकुरए तरुण सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना 388 कन्याओं का हुआ विवाह

**मोहखेड़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत मोहखेड़ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनपद पंचायत मोहखेड़ की तरफ से मऊ अस्पताल कालोनी में आयोजित किया गया जिसमें 388 कन्याओं का विवाह हिंदू-रीति रिवाज एवं आदिवासी रीति रिवाज से संपन्न कराया गया। सभी जोड़ों ने एक दूसरे के साथ जीने-मरनें की कसमें खाई। जनपद पंचायत के द्वारा इन प्रत्येक बेटियों के खाते में 49 हजार रुपये भी ट्रांसफर करेगाए जिससे वे अपनी जरूरत की घरेलू इस्तेमाल की चीजें खरीद सकें।

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद**

सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, पांढुर्ना विधायक नीलेश उइके, सौंसर विधायक विजय चौरे, जनपद पंचायत मोहखेड अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, उपाध्यक्ष ईश्वर वाडिवा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार, भाजपा मंडल मोहखेड अध्यक्ष गगन घटकड़े, क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज सोनघरे, राजू वाडीवा, योगेश राजनकर, यशवंत बेलवंशी, पंकज कुशनेकर, लखनलाल डोंगरे, सदन साहू, ममता, सुदामा डोबले, प्रभारी एस.डी.एम. आर.के.मेहरा, तहसीलदार रूपेशवरी कुंजाम, सी.ई.ओ. राहुल पटेल, पी.एच.ई. एस.डी.ओ. अर्चना चौकसे, ई. राजेश वाकड़े, बी.ई.ओ. वामनराव खापरे, बी.आर.सी. संगीत जैन, बी.ए.सी. अरविन्द भट्ट, थाना प्रभारी कोमल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



## नरवई जलाने वाले किसान पर एफआईआर दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 13 अप्रैल 2025 को सिहोरा माल निवासी रघुनाथ पिता दत्तू द्वारा कार्यालय कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा जारी नरवाई में आग लगाने प्रतिबंध संबंधित आदेश दिनांक 21 मार्च 2025 का उल्लंघन करते हुए अपने सिहोरा माल स्थित खेत में नरवाई में आग लगाई उक्त आदेश के उल्लंघन के संबंध में संबंधित कृषक के विरुद्ध राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त अमले द्वारा संबंधित के विरुद्ध थाना चौरई में प्राथमिकी दर्ज की गई।

कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले द्वारा कृषकों में लगातार नरवाई में आग न लगाने संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा इसी के साथ किसानों को कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा नरवाई प्रबंधन के उपाय भी लगातार बताए जा रहे हैं परंतु इसके पश्चात भी यदि नरवाई में उक्त आदेश के विरोध में यदि आग लगाई जाती है तब संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई की जावेगी की बात कही है।

# स्वरोजगार योजना से देवानंद बने आत्म निर्भर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कहते है अगर विकट परिस्थिति सामने आ जाए और परिवार का भरण पोषण उचित ढंग से न हो सके तब सरकार की योजना कारगर साबित होती है लेकिन उसके लिए मनोबल बनाऐं रखने की जरूरत के साथ साथ परिवार का संबंल भी जरूरी होता है। ऐसे ही बड़कुही निवासी देवानंद ने आजीविका मिशन से ऋण लेने का निर्णय किया और पहुंच गए नगर परिषद बड़कुही और उन्हें ऋण मिला।



आगे की कहानी में यह है कि जिले की परासिया तहसील के बड़कुही ग्राम के गोलाई वार्ड नंबर- 01 के नीलम जनरल स्टोर चलाने वाले देवानंद बाथरे अपने माता-पिता और पत्नी के साथ एक साधारण जीवन व्यतीत कर रहे थे। उनकी मासिक आय लगभग 4-5 हजार रुपये थी, जिससे उनके परिवार का गुजारा मुश्किल से चल पाता था। फिर आई कोरोना महामारी और देशव्यापी लॉकडाउन। देवानंद का व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो गया। एक पल के लिए उन्हें लगा कि सब कुछ खत्म हो गया, लेकिन देवानंद हार मानने वालों में से नहीं थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों का डटकर सामना करने का निश्चय किया।

इसी दौरान उन्हें नगर परिषद बड़कुही से स्वरोजगार योजना के बारे में जानकारी मिली। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण प्रदान करती है। देवानंद ने तुरंत नगर परिषद में शहरी आजीविका मिशन के कर्मचारियों से संपर्क किया। उन्होंने उनकी सहायता से जनरल स्टोर के व्यवसाय के लिए ऋण के लिये आवेदन किया।

उनकी मेहनत रंग लाई और उन्हें भारतीय स्टेट बैंक की बड़कुही शाखा से 1,50,000/- रुपये का ऋण प्राप्त हो गया। इस राशि की मदद से देवानंद ने अपने ही घर पर अपना जनरल स्टोर फिर से शुरू किया। आज देवानंद बताते हैं कि शासन की इस योजना ने उनके और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में बहुत मदद की है। अब उनकी मासिक आय बढ़कर दोगुनी हो गई है और वह आसानी से अपने ऋण की मासिक किस्त भी चुका पा रहे हैं। वह कहते हैं कि यह सरकार की एक बहुत ही अच्छी योजना है, जिससे लाभ उठाकर उनका जीवन स्तर पहले से कहीं बेहतर हो गया है। अब वह अपने परिवार को पहले से ज्यादा खुश रख पाते हैं। देवानंद इस कल्याणकारी योजना के लिए सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हैं।

# मुस्लिम समाज ने किया गदायात्रा का स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र व देश में छिन्दवाड़ा ने हमेशा ही कौमी एकता की मिसाल पेश की है। एक बार फिर आपसी भाईचारे का संदेश देकर यह साबित कर दिया कि छिन्दवाड़ा अमन पंसद जिला है, जहां जात पात नहीं बल्कि प्रेम व भाईचारे की भाषा बोली जाती है। सभी धर्म का सम्मान व आदर किया जाता है। होली, दीपावली व हनुमान जन्मोत्सव हो या फिर ईंद सभी मिलजुलकर मनाते हैं। एक दूसरे को बधाई व शुभकानाएं देते हैं।

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने सामाजकि सदभाव व सौहादर्य को कभी बिगड़ने नहीं दिया। उन्होंने आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाया, जिसका परिणाम है कि छिन्दवाड़ा ने हमेशा ही कौती एकता का परिचय दिया है और एक बार फिर मिशाल कायम की। मारुति नंदन सेवा समिति सिद्ध सिमरिया धाम के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई गदा यात्रा का मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा पूर्ण उल्लास व उत्साह के साथ स्वागत किया। मुस्लिम समाज के द्वारा किए गए भव्य सवागत को देखकर गदा यात्रा में सम्मिलित समस्त हनुमान भक्त अभिभूत हो उठे। मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत कमली वाले बाबा की दरगाह के सामने पुष्प गुच्छ व पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किए।



मुस्लिम समाज गदायात्रा का स्वागत करते हुए।

इस अवसर पर हाजी जमालुउद्दीन (लाल साहब), इब्नेहशन रिजवी, शमीमुद्दीन हाजी, राशिद खान, रियाज अहमद, हाजी सबाबुद्दीन, इब्राहीम कुरैशी, सोबी कुरैशी, अरशद अली, अनवर भाई, साहिल बाबा, अबरार मिस्त्री, जेड अली सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती पूर्व सांसद नकुलनाथ होंगे शामिल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कांग्रेस के द्वारा विविध आयोजन किए जाएंगे। आज 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को प्रात: 9.00 बजे जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग छिन्दवाड़ा व शहर कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा के तत्वावधान में समाज से कुरीतियों को मिटाने वाले, जात-पात के बंधन से समाज को मुक्त करने वाले विश्व के सबसे विस्तृत संविधान का निर्माण करने वाले स्व. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाएगी। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को अंतिम रूप देने राजीव कांग्रेस भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें तय किया गया कि अम्बेडकर चौराहा से धूमधाम के साथ रैली निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी।

आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री) दर्जा प्राप्त गुरूचरण खरे व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव की विशेष उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में महादेव गायकवाड़, राहुल मालवीय, सुमित भावरकर, दीपा यादव, संतोषी गजभिये, सविता कनोजिया, अनिल सोमकुंवर, सोनम डेहरिया, सपना डेहरिया, सावित्री कनोजिया, निरज सहारे व मयंक गजभिये सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### भगवान बुद्ध एवं डॉ. अंबेडकर का अपमान करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा संस्थापित संस्था भारतीय बौद्ध महासभा छिंदवाड़ा के महासचिव शैलेन्द्र नारनवरे ने बताया कि विगत दिनों अंबेडकर तिराहा के समीप यश बैंक के पीछे किसी असामाजिक तत्व द्वारा तथागत गौतम बुद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का फोटो लगा एक फ्लेक्स अनाधिकृत शौचालय के पास रख फेंक दिया गया है जिससे हमारे तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का अपमान हुआ है, महासभा ने ऐसे कृत्य की घोर निन्दा करते



हुये बाबा साहब का अपमान करने वाले असामाजिक तत्व के विरूद्ध तत्काल कड़ी करने की मांग की है। अन्यथा चेतावनी दी है कि यदि ऐसे असामाजिक तत्व के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें अन्यथा महासभा द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी जबावदारी शासन प्रशासन की होगी ।

### सांसद कप का दूसरा सेमीफाइनल आज शाम 6 बजे से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शुक्ला ग्राउंड छिंदवाड़ा में सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे सांसद कप का दूसरा सेमीफाईनल मैच 14 अप्रैल को शाम 6 बजे से खेला जायेगा। आयोजन समिति के खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अंकित सोलंकी ने बताया कि शुक्ला ग्राउंड में आर्कशक दूधिया रोशनी के बीच सतपुड़ा टाइगर्स और यूनिक क्लब परासिया के बीच दूसरा सेमीफाईनल मैच खेला जायेगा।

# जिले के हर स्कूल और कॉलेज में पहुंचेगी एनएसयूआई, नेताद्वय ने किया मार्गदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रोजगार, व्यापार अथवा अन्य किसी भी क्षेत्र में कदम रखने से पहले पहली सीढ़ी व नींव को मजबूत करना नितांत आवश्यक होता है, क्योंकि मजबूत नींव पर ही सशक्त ईमारत खड़ी होती है। राजनीति में मजबूती से स्थापित होने के लिए कांग्रेस में नींव का कार्य करती है एन.एस.यू.आई.।

स्कूल व कॉलेज की राजनीति से निकलकर छात्र नेता प्रदेश व देश में स्थापित हुए हैं। उक्त उदगार कल 13 अप्रैल 2025 को पूर्व सांसद नकुलनाथ ने एनएसयूआई की शिकारपुर कमलकुंज में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

एन.एस.यू.आई. के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नकुलनाथ ने कहा कि जमीनी स्तर पर एकजुट होकर व बूथ को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य करने की आवश्यकता है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की साथ ही छात्र नेताओं से कहा कि जिले में मौजूद सभी स्किल सेन्टरों की जानकारी प्रत्येक स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं तक पहुंचाएं साथ ही केन्द्र व राज्य की छात्र विरोधी नीतियों की लगातार खिलाफ्त करें ताकि छात्र-छात्राओं को होने वाली परेशानियों का समाधान मिल सके।

आयोजित बैठक में एन.एस.यू.आई. के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बता दें कि अपने प्रत्येक दौर में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ लगातार संगठनात्मक चर्चा कर मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कांग्रेसजनों से आग्रह कर रहे है ताकि संगठन पूर्वत: मजबूत हो सके।



# विद्याभूमि पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर केसरी नंदन, राम भक्ति के सागर, पवनपुत्र हनुमंतलाल जी का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस आयोजन में विद्या भूमि के प्रांगण को सुंदर छटा के साथ सजाया गया था। पवनसुत हनुमानजी का पूजन विद्यालय

प्रशासिका एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया। भक्त शिरोमणि के पूजन के साथ ही सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सामूहिक रुप से सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर कीर्तिमान बनाया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शेषराव यादव, प्रशासिका डॉ. विजया यादव, एवं प्राचार्य सहित संपूर्ण विद्या भूमि परिवार ने छात्रों एवं समस्त अभिभावकों को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाऐं दी।

# प्रो. प्लस क्रिकेट एकेडमी देवास में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में मयूर पंड्या बने मैन ऑफ द मैच

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** जिले के टॉप 13 क्रिकेट खिलाड़ी को प्रो प्लस क्रिकेट अकादमी देवास के तत्वाधान में आयोजित पांच मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज खेलने का अवसर प्रदान किया गया। यह टी-20 क्रिकेट सीरीज अंडर 16 वर्ष बालक वर्ग में गत दिवस सरदाना इंटरनेशनल स्कूल देवास में संचालित की गई इस सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को महानगरों में आयोजित प्रीमियर लीग खेलने का अवसर दिया जाएगा।

इसी क्रम में आई सपोर्टिंग क्रिकेट क्लब जुन्नारदेव की टीम ने खेले गए मैच में इंदौर की टीम को 3-2 से हराया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच का खिताब मयूर पंड्या ने अपने नाम किया। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ज्ञात हो कि मयूर पंड्या ए-टाईप कॉलोनी गुढ़ी निवासी एवं बालक आश्रम अंबाड़ा के पूर्व भृत्य एवं वर्तमान में पालाचौरई हाई स्कूल मे भृत्य के पद पर कार्यरत राजेश पंड्या का सुपुत्र है।



# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपाध्यक्ष के.एस. सेंगर ने बताया कि कल 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार दोपहर 12:30 बजे स्थान जनसेवा सदन भवन शिवनगर कॉलोनी में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें एसोसिएशन के संरक्षक पंडित राम शर्मा एवं आर.एस. कुशवाह वृक्षमित्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले को वन एवं पर्यावरण, जैव विविधता के उत्कृष्ट कार्य के लिये वर्तमान में म.प्र. सरकार ने दो लाख रूपये की राशि भेंट की जिले का नाम रौशन करने के लिये आर.एस. कुशवाह का शॉल, श्रीफल से स्वागत किया गया। इन्होंने बैठक को संबोधित करते हुये 26 मार्च 2025 को पेंशन के अधिकार को पेंशनरों के संवैधानिक अधिकार को चुनौती देने वाला नियम पारित होने पर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सभी पेंशनर्स एक-एक पोस्ट कार्ड लिखकर इस नियम को वापस लेने का आग्रह करना चाहिये। इस प्रकार टी.एस. तुरकर अध्यक्ष जिला अभियंता संघ ने भी उग्र आंदोलन करने तथा क्रमिक भूख हड़ताल जिले के पेंशनर्स संगठनों के साथ मिलकर करने का आव्हान किया तथा 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर्स को एक काल्पनिक वेतनवृद्धि देने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा जारी किये गये है इसकी कंडिका 3/4 में विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर पात्र पेंशनरों को वेतनवृद्धि दिये जाने का निर्देश है परंतु कुछ विभाग द्वारा अभी भी दिशा निर्देश के आदेश के अभाव में जिला पेंशन कोषालय कार्यालय से प्रकरण वापस किये जा रहे है इस ओर भी 26 अप्रैल 2025 को प्रांतीय कोर कमेटी एवं मार्गदर्शन कमेटी की बैठक में आज की बैठक में निर्णयों से अवगत कराया।

# सांसद विवेक बंटी साहू ने मरीजों को दिलाई एक लाख की सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक मरीज को 1 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस राशि से मरीज का अस्पताल में बेहतर इलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुये बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से सौंसर के वार्ड नंबर 12 निवासी संजय पिंपलकर को इलाज के लिए 1 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है।